लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1734

दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

"पारंपरिक दरी उद्योग"

1734.श्री राकेश राठौरः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिला अपने पारंपरिक दरी उद्योग के लिए जाना जाता है जिसकी आपूर्ति देश के विभिन्न भागों में की जाती है और साथ ही विदेशों में निर्यात भी किया जाता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार कुटीर और लघु उद्योग के रूप में दरी उद्योग के संरक्षण और संवर्धन के लिए कोई विशेष नीति लागू कर रही है अथवा कोई योजना चला रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास विपणन, ब्रांडिंग और निर्यात संवर्धन के माध्यम से दरी उत्पादकों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास दरी उत्पादों के वैज्ञानिक गुणवत्ता परीक्षण के लिए सीतापुर जिले में एक आधुनिक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है ताकि निर्धारित गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले की हस्तनिर्मित दरी एवं अन्य हस्तनिर्मित फर्श आवरणों के उत्पादन के लिए एक विशिष्ट पहचान है। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा सीतुपर जिले में दरी, गलीचे एवं कालीन तथा अन्य फर्श आवरण शिल्प में कुल 1562 पहचान कार्ड जारी किए गए हैं।

(ख): एवं (ग): वस्त्र मंत्रालय के अधीन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, दरी सहित जिसमें कालीन क्षेत्र भी शामिल है, देश भर के हस्तशिल्प क्षेत्र के समग्र विकास और संवर्धन के लिए दो योजनाएं नामशः राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और व्यापक हस्तशिल्प कलस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) कार्यान्वित करता है।

एनएचडीपी योजना के विपणन सहायता एवं सेवाएं घटक के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले सहित देश भर के पारंपरिक शिल्प उत्पादों के संवर्धन हेतु पात्र एजेंसियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न विपणन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(घ): भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान, भदोही में परीक्षण प्रयोगशाला के उन्नयन का प्रस्ताव सीतापुर सहित देश के सभी जिलों के दरी उत्पादों को वैज्ञानिक गुणवत्ता परीक्षण प्रदान करता है। सीतापुर से अब तक अलग से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****